**BELLEVUE UTILITY दर छूट- 2020**

450 110TH Ave NE
P.O. Box 90012, Bellevue, WA 98009-9012 वेबसाइट: bellevuewa.gov/UtilityRelief
फोन: 425-452-5285 Email: UtilityRelief@bellevuewa.gov
अनुरोध पर भाषा लाइन सहायता प्रदान की जाती है। TTY रिले: 711

# उपयोगिता दर छूट के लिए दिशानिर्देश

ध्यान दें: ये दिशानिर्देश केवल उन निवासियों पर लागू होते हैं, जो इस समय पानी, अपशिष्ट जल और निकासी सेवाओं के लिए सीधे City of Bellevue को उपयोगिता बिल का भुगतान कर रहे हैं। यदि आप अपनी उपयोगिता सेवाओं के लिए अप्रत्यक्ष रूप से बिलों का भुगतान कर रहे हैं (उदाहरण के लिए, खर्चे आपके किराए में शामिल किए जाते हैं या तृतीय पक्ष को भुगतान किया जाता है), तो 2020 उपयोगिता दर *छूट* आवेदन पत्र पैकेट प्राप्त करने के लिए ऊपर दी गई वेबसाइट पर जाएं या Bellevue Utilities के संपर्क फोन नंबर पर फोन करें।

## 1. प्रोग्राम का वर्णन

City of Bellevue, Bellevue Utilities के सेवा क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्गों और स्थायी रूप से विकलांगता वाले निवासियों को दर राहत सहायता प्रदान करती है, जो विशेष कम-आय दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। जो निवासी अपने बिलों का भुगतान सीधे City of Bellevue को करते हैं, वे इस प्रोग्राम के लिए योग्य होने पर 2020 की पानी, अपशिष्ट जल और निकासी सेवाओं (11 CCF तक पानी और अपशिष्ट जल सेवा के शुल्क माह में दो बार और 10,000 $ft^2$ के थोड़े से विकसित लॉट तक की निकासी सेवाओं तक) की बुनियादी खर्चों में 70% छूट प्राप्त कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें: कुछ शुल्क जैसे कैपिटल रिकवरी शुल्क (CRCs) और सीधे फैसिलिटी कनेक्शन शुल्क (DFCCs) में छूट नहीं दी जा सकती। निवासियों को इस प्रोग्राम के लिए वार्षिक रूप से आवेदन या अपनी भागीदारी का नवीनीकरण करना होगा। स्वीकृत निवासी सिटी को भुगतान किए गए उपयोगिता पेशा करों पर छूट के लिए भी पात्र हो सकते हैं (बिना अतिरिक्त आवेदन पत्रों के)। कर छूट चेक रेट रिलीफ प्रोग्राम (Rate Relief Program) में आवेदक की लगातार भागीदारी पर आधारित होती हैं। छूट चेक, दिसम्बर 2020 में सिटी द्वारा डाक से भेजे जाएंगे। इसके अलावा, Bellevue सिटी सीमाओं में रहने वाले स्वीकृत निवासी कूड़े संबंधी सेवा पर दर कटौती के लिए भी पात्र हो सकते हैं। कूड़े के बिल में छूट Republic Services, Inc. द्वारा लागू की जाती है, जो सिटी का ठोस अपशिष्ट संग्रहण विक्रेता है। **ध्यान दें**: प्रोग्राम उपलब्ध फंडिंग के आधार पर होते हैं और बिना सूचना के इनमें बदलाव किया जा सकता है।

## 2. आवेदन की अंतिम तिथि

आपका पूरा किया गया आवेदन पत्र और सभी आवश्यक दस्तावेज City of Bellevue Utilities को **शुक्रवार, 30 अक्तूबर, 2020 तक शाम** 4:00 बजे तक मिल जाने चाहिएं।

## 3. 2019 की छूट की अवधि समाप्ति

बिना व्यवधान आपकी छूट को जारी रखने को सुनिश्चित करने के लिए, आपका आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज **30 अप्रैल, 2020 तक** मिल जाने चाहिएं। यदि आपका आवेदन पत्र 30 अप्रैल, 2020 के बाद मिलता है, तो आपकी छूट रद्द कर दी जाएगी। जब आपका आवेदन मंज़ूर हो जाएगा और इसकी प्रक्रिया हो जाएगी, तो आपकी छूट लागू कर दी जाएगी और आपका खाता फिर से क्रेडिट कर दिया जाएगा।

## 4. पात्रता मापदंड

आवेदकों के लिए आवश्यक है:

- कम-आय वाले बुजुर्ग, 2020 में 62 वर्ष या इससे अधिक आयु के हों (या)

**अगले पृष्ठ पर जारी** ➡

- सरकारी प्रोग्रामों से विकलांगता संबंधी लाभ प्राप्त करने वाले कम-आय वाले स्थायी रूप से विकलांग व्यक्ति, जैसे 2020 में Social Security Administration और/अथवा Veteran's Administration; और
- 2020 में सेवाएं प्राप्त करने वाले पते पर रह रहे हैं आवेदक का मुख्य निवास स्थान City of Bellevue Utilities के सेवा क्षेत्र के अंदर होना आवश्यक है।
- नीचे दी गईं पारिवारिक आय* संबंधी दिशानिर्देश पूरे होने आवश्यक हैं:

| **2019 में परिवार के सदस्यों की संख्या** | **2019 के लिए कुल पारिवारिक आय*** |
|---|---|
| 1 व्यक्ति | $38,750 |
| 2 व्यक्ति | $44,300 |
| 3 व्यक्ति | $49,850 |
| 4 व्यक्ति | $55,350 |
| 5 व्यक्ति | $59,800 |
| 6 व्यक्ति | $64,250 |

* आय का अर्थ है "प्रयोज्य आय" जैसा कि RCW 84.36.383 में परिभाषित किया गया है, साथ ही सभी विकलांगता मुआवजा और सभी उपहार। कुल पारिवारिक आय, 2019 के दौरान परिवार में रहने वाले हर सदस्य की कुल आय होती है। आय और आवश्यक दस्तावेजों के उदाहरण "आवेदन कैसे करें" भाग में नीचे दिए गए हैं।

## 5. आवेदन कैसे करें

आपको आवश्यक पहचान, रिहायश, आय और विकलांगता (यदि लागू है) के दस्तावेजों के साथ 2020 उपयोगिता दर छूट आवेदन पत्र भरकर वापस भेजना होगा। आवेदन पत्र bellevuewa.gov/utilityrelief पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं या आप Bellevue Utilities को 425-452-5285 पर आवेदन पत्र का अनुरोध कर सकते हैं। आवेदन पत्र Bellevue City Hall के सर्विस फर्स्ट डेस्क और Crossroads Mini-City Hall से भी लिए जा सकते हैं। **जब आप अपना आवेदन पैकेज प्राप्त कर लें, तो अगले कदम हैं:**

1. नीचे दी गई आवश्यक दस्तावेज सूची से आवश्यक दस्तावेज लें।
2. आवेदन पत्र पूरा करें। "महत्वपूर्ण जानकारी" कथन पढ़ें, आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करें और तारीख डालें।
   ध्यान दें: यदि किसी आवेदक की ओर से हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो आपको ऐसा करने की अनुमति देने वाली पावर ऑफ अटार्नी की प्रति प्रदान करनी होगी।
3. सभी आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ पूरे किए और हस्ताक्षर किए गए आवेदन पत्र को प्रस्तुत करें। आवेदन पैकेज City of Bellevue Utilities को **शुक्रवार, 30 अक्तूबर, 2020** को शाम 4:00 बजे, PST तक मिल जाने चाहिएं। देरी से प्रस्तुत किए जाने वाले या अधूरे आवेदनों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती। समय पर प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों को समय से पहले अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
   - यदि आप पहली बार आवेदन कर रहे हैं, या एक वर्ष से अधिक समय पहले आप प्रोग्राम के लिए योग्य हुए थे (2018 या पहले), तो आपको 425-452-5285 पर फोन करके आवेदन मुलाकात तय करनी होगी और खुद आ के आवेदन करना होगा।
   - यदि आप 2019 में इस प्रोग्राम के लिए योग्य थे, तो आप निम्न पते पर अपना आवेदन पत्र डाक से भेज सकते हैं:
     City of Bellevue/Utilities Customer Service ** P.O. Box 90012 ** Bellevue, WA 98009-9012.

नवीनीकरण फार्म को प्रस्तुत करने से पात्रता की गारंटी नहीं होती। बिना पूरे दस्तावेजों के प्रस्तुत किए आवेदन पत्रों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती।

**अगले पृष्ठ पर जारी** ➡

## 6. **आवश्यक दस्तावेज** आपके हस्ताक्षर किए गए आवेदन पत्र के साथ निम्निलिखित दस्तावेजों की फ़ोटोकापियां प्रदान की जानी आवश्यक हैं:

**A.** परिवार के प्रत्येक सदस्य की 2019 की आय का प्रमाण। कृपया 2019 में आपके साथ रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पूरी की गई और हस्ताक्षर की गई 2019 की टैक्स रिटर्न और 2019 की अन्य स्टेटमेंट्स/दस्तावेज* और 2019 के दौरान आपके परिवार पर लागू होने वाले सभी आय स्रोतों के दस्तावेजों की फोटोकापियां प्रदान करें। घरेलू आय के कुछ उदाहरणों में शामिल हैं, लेकिन इन तक ही सीमित नहीं हैं:

- वेतन/मजदूरी/ऊपरी आय आदि *(W-2)*
- ब्याज एवं लाभांश (*1099-INT/1099-DIV*)
- गुजारा भत्ता/जीवनसाथी निर्वाह भत्ता *(राज्य/DSHS की स्टेटमेंट्स)*
- व्यवसायिक आय, किराए से आय और/अथवा सह-किराएदार से किराए के भुगतान सहित *(1040 + Sch. C )*
- पूंजी लाभ/हानि (1040 + Sch. D)
- IRA निकासी *(1099-R)*
- पेंशन/सेवानिवृत्त सैनिक पेंशन/वार्षिक भत्ते *(1099-R)*
- रेलमार्ग सेवानिवृत्ति संबंधी लाभ *(RRB-1099)*
- बेरोजगार/श्रम एवं उद्योग *(1099-G)*
- सोशल सिक्योरिटी स्टेटमेंट *(SSA, SSI, SSDI 1099)*
- उपहार/नकदी
- कार्य अध्ययन आय
- सैन्य भुगतान/लाभ
- अन्य

** यदि मूल स्रोत से आय संबंधी दस्तावेज प्रदान नहीं कर सकते हैं, तो उनके डिपोजिट के प्रमाण के लिए 2019 की सभी बैंक स्टेटमेंट्स प्रदान करें।*

**B.** 2019 में आपके परिवार में रहने वाले सभी सदस्यों की पहचान आवश्यक है। 2019 में आपके परिवार में रहने वाले प्रत्येक सदस्य की वैध फोटो पहचान आवश्यक है। ID के स्वीकार्य रूपों में शामिल हैं: ड्राईविंग लाइसेंस, WA State का ID कार्ड, पासपोर्ट, या सरकार द्वारा जारी की गई अन्य फोटो ID आदि। 18 वर्ष से कम आयु वाले पारिवारिक सदस्यों के लिए, उनके प्रमाणित जन्म प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें। कृपया मूल दस्तावेज न भेजें क्योंकि हम उन्हें वापस भेजने या उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। ध्यान दें: **एक्स्पायर्ड ID स्वीकार नहीं की जाएगी।**

**C.** Bellevue सेवा क्षेत्र के अंदर 2020 की मुख्य रिहायश का प्रमाण आवश्यक है। राहत के लिए पात्र व्यक्ति का नाम City of Bellevue Utilities के उस खाते में होना आवश्यक है, जिसके लिए राहत का निवेदन किया गया है।

**D.** यदि स्थायी रूप से विकलांग है, तो विकलांगता 2020 अवॉर्ड और आय का प्रमाण आवश्यक है। यदि आप या आपके परिवार का कोई अन्य सदस्य स्थायी रूप से विकलांग है, तो आपको सोशल सिक्योरिटी (Social Security) और/या Veterans' Administration जैसे किसी सरकारी प्रोग्राम से लाभ सत्यापन पत्र (Benefit Verification Letter) प्रदान करना होगा, जिसमें विशेष रूप से प्रकट किया गया हो कि प्राप्तकर्ता 2020 में "विकलांगता" लाभों का पात्र है और प्राप्त कर रहा है। 2019 की विकलांगता आय भुगतान के दस्तावेजों की भी आवश्यकता है।

## 7. नवीनीकरण प्रस्तुतिकरण के बाद

कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें:

- बहुत अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण प्रोग्राम की शुरूआत में प्रक्रिया करने में 10 सप्ताह से अधिक समय लग सकता है।
- सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूरा आवेदन पत्र प्रदान करने से शीघ्र प्रक्रिया में सहायता मिलती है।

- यदि आपका आवेदन अस्वीकार किया जाता है, तो आपको सूचित किया जाएगा।
- योग्य आवेदक अपने उपयोगिता बिल में लागू की गई उपयोगिता दर छूट देखेंगे, जब उनके आवेदन पत्र को मंजूर करके उस पर प्रक्रिया कर ली जाएगी। सिटी के ठोस अपशिष्ट संग्रहण विक्रेता, Republic Services, Inc. को ठोस अपशिष्ट सेवा दर छूट लागू करने के लिए सूचित किया जाएगा, यदि लागू हो।
- यदि आवेदक पूरा वर्ष यूटिलिटी रेट रिलीफ प्रोग्राम (Utility Rate Relief Program) में बना रहता है, तो 2020 कर राहत छूट पर *बिना किसी अतिरिक्त कागजी कार्य* के अपने आप प्रक्रिया कर दी जाएगी। कर छूट चेक दिसम्बर 2020 के अंत में डाक से भेजे जाएंगे।

Utilities Department पात्रता और प्रोग्राम की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए किसी भी आवेदन या नवीनीकरण से संबंधित ऑडिट करने या अतिरिक्त जानकारी की मांग करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विभाग किसी भी ऐसे आवेदन या नवीनीकरण को अस्वीकार कर सकता है, जिसमें किसी भी तथ्य की गलत या भ्रामक प्रस्तुति हो या दर राहत के लिए पात्रता को रद्द कर सकता है, जो धोखे से या किसी भी तथ्य की गलत या भ्रामक प्रस्तुति से हासिल की गई हो। आवेदक के द्वारा या धोखे किसी भी तथ्य की गलत या भ्रामक प्रस्तुति के परिणामस्वरूप अदा किए गए कोई भी फंड या छूट दी गई दरों में अंतर की राशि को सिटी को वापस किया जाएगा। सिटी उक्त फंड्स की भुगतान वापस पाने के लिए जरूरी कोई भी कानूनी कदम उठा सकती है।
**ध्यान दें: यदि पते में कोई बदलाव होता है तो आवेदकों को तुरंत Bellevue Utilities को सूचित करना होगा।**

वैकल्पिक प्रारूपों, दुभाषियों या उचित आवास निवेदनों के लिए, कृपया कम से कम 48 घंटे पहले 425-452-5285 (वॉयस) पर फोन करें याUtilityRelief@bellevuewa.gov पर ईमेल करें। आवासों के संबंध में शिकायतों के लिए, City of Bellevue ADA/Title VI Administrator को 425-452-6168 (वॉयस) पर संपर्क करें। यदि आप बधिर हैं या आपको सुनने में परेशानी है तो 711 डायल करें। सभी मीटिंगों पर व्हीलचेयर लाई जा सकती है।

**अगले पृष्ठ पर जारी** ➡

**BELLEVUE UTILITY दर में छूट**

**आवेदन पत्र - 2020**

450 110TH Ave NE
P.O. Box 90012, Bellevue, WA 98009-9012 वेबसाइट: bellevuewa.gov/UtilityRelief
फोन: 425-452-5285 ईमेल: UtilityRelief@bellevuewa.gov
अनुरोध पर भाषा लाइन सहायता प्रदान की जाती है। TTY रिले: 711

**OFFICE:**
Date Rec'd: ____________
Date Complete: ____________
Signature: ____________

OFFICE USE ONLY

| | | |
|---|---|---|
| PIN: | INCOME: | F or P: |
| CIS CYCLE: | D or S: | BATCH: |
| MONTHS (1-12): | TAX PRORATION: | START DATE EXCEPTION: |
| | | DD |

Check:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ____Incl List | ___Signature | ___Disability | ___Income | ___ID/Age | ___Residency |

1. आवेदक का कानूनी नाम (लिखें): [redacted] [redacted]_
   अंतिम नाम पहला नाम

2. क्या आपकी आयु 62 वर्ष या इससे अधिक है? ☐हां ☐नहीं जन्मतिथि: _[redacted]_ SSN के अंतिम 4 अंक _[redacted]

3. क्या आप City of Bellevue को पानी के लिए उपयोगिता बिल का भुगतान करते हैं? ☐हां ☐नहीं।

   यदि हां, तो खाता #_[redacted]

   यदि नहीं, तो रुकें। आपके पास सही आवेदन पत्र नहीं है। दर छूट आवेदन पत्र के लिए Bellevue Utilities को संपर्क करें।

4. आपके मुख्य निवास स्थान का पूरा पता _[redacted]

5. मौजूदा डाक पता (यदि अलग है) [redacted]

6. फोन (क्षेत्र कोड के साथ):____________________ ईमेल पता:_[redacted]

7. क्या: ☐ आपका अपना घर/कोंडो है ☐ किराए का घर/कोंडो है

8. क्या आप पहले इस प्रोग्राम के लिए योग्य रहे हैं? ☐ हां। वर्ष_[redacted] ☐ नहीं। यदि नहीं, तो मुलाकात के लिए फोन करें।

9. क्या आप स्थायी रूप से विकलांग हैं और 2020 में विकलांगता लाभ प्राप्त कर रहे हैं? ☐ हां ☐नहीं यदि हां, तो प्रमाण आवश्यक है।

   यदि आप स्थायी रूप से विकलांग बच्चे की ओर से आवेदन कर रहे हैं, तो क्या विकलांगता लाभ उपयोगिताओं के खर्च के हिस्से का भुगतान करते हैं?

   ☐ हां ☐नहीं

10. **2019** में आपके घर में आपके साथ कितने लोग रहते थे? _[redacted]_ नीचे प्रत्येक व्यक्ति का नाम लिखें:



अगले पृष्ठ पर जारी ➡

| | पहला नाम (केवल कानूनी नाम) | अंतिम नाम | जन्मतिथि (mm/dd/yy) | आवेदक से रिश्ता | क्या स्थायी रूप से विकलांग हैं? हां या नहीं (यदि हां, तो प्रमाण प्रदान करें) |
|---|---|---|---|---|---|
| A. | [redacted] | | | | |
| B. | | | | | |
| C. | | | | | |
| D. | | | | | |
| E. | | | | | |
| F. | | | | | |

**11. क्या 2019 में आप या आपके घर में रहने वाले किसी व्यक्ति को 2019 के दौरान नीचे दिए किसी भी स्रोत से आय हुई है? आपको नीचे दी गई प्रत्येक आइटम के लिए 'हां' या 'नहीं' के खाने में सही का निशान लगाना <u>होगा</u> और उसे प्रमाणित करने के लिए दस्तावेज प्रदान करने होंगे।***

| हां | नहीं | |
|---|---|---|
| [redacted] | | वेतन/मजदूरी/ऊपरी आय आदि *(W-2)* |
| | | ब्याज एवं लाभांश *(1099-INT/1099-DIV)* |
| | | गुजारा भत्ता/जीवनसाथी निर्वाह भत्ता *(राज्य/DSHS की स्टेटमेंट्स)* |
| | | पूंजी लाभ/हानि *(1040 + Sch. D)* |
| | | व्यवसायिक आय, किराए से आय और/अथवा सह-किराएदार से किराए के भुहतान सहित *(1040 + Sch. C)* |
| | | IRA निकासी *(1099-R)* |
| | | पेंशन/सेवानिवृत्त सैनिक संबंधी लाभ/वार्षिक वृत्तियां *(1099-R)* |
| | | रेलमार्ग सेवानिवृत्ति संबंधी लाभ *(RRB-1099)* |

| हां | नहीं | |
|---|---|---|
| [redacted] | | बेरोजगार/श्रम एवं उद्योग *(1099-G)* |
| | | सोशल सिक्योरिटी *(SSA, SSI, SSDI, 1099 स्टेटमेंट्स)* |
| | | कार्य पढ़ाई आय *(स्कूल की स्टेटमेंट्स)* |
| | | उपहार/नकदी – स्पष्ट रूप से बताएं: |
| | | सैन्य भुगतान/लाभ |
| | | 2019 के लिए अन्य आय - स्पष्ट रूप से बताएं: |
| | | क्या आप/आपके घर के किसी सदस्य ने 2019 टैक्स रिटर्न फाइल की है? **सभी संलग्न दस्तावेजों के साथ <u>हस्ताक्षरित</u> 1040 की प्रति प्रदान करें।** |

* यदि आप किसी वास्तविक स्रोत से आय संबंधी दस्तावेज प्रदान नहीं कर सकते हैं, तो उपरोक्त के लिए सभी जमा राशियां दिखाने वाली 2019 की बैंक स्टेटमेंट्स प्रदान करें।

**12.** क्या आप कम-आय सहायता संबंधी अतिरिक्त प्रोग्रामों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए City of Bellevue के अन्य विभागों के साथ साझा करने के लिए अपनी संपर्क जानकारी (नाम और डाक पता) देने के लिए सहमत हैं?

☐ हां ☐ नहीं

**जांच सूची: अपने आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां (मूल प्रतियां नहीं) प्रदान करें।**
**आवश्यक दस्तावेजों के बिना आवेदन पत्रों की प्रक्रिया नहीं की जा सकती।**

- ☐ **पहचान** – 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों का वैध पहचान पत्र, जो 2019 के दौरान घर में रहते थे। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति, प्रमाणित जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। **एक्सपायर्ड ID स्वीकार नहीं की जाएगी।**
- ☐ **2019 के लिए आय संबंधी दस्तावेज** *(जैसे 2019 की टैक्स रिटर्न्स, स्टेटमेंट्स आदि)* 2019 के दौरान आपके साथ रहने वाले प्रत्येक पारिवारिक सदस्य की पूरी आय का प्रमाण। उस प्रत्येक स्रोत सहित, जिसे सवाल 11 में "हां" चिन्हित किया गया था।
- ☐ **स्थायी विकलांगता का प्रमाण** - यदि लागू हो, तो सोशल सिक्योरिटी (Social Security) और/या VA जैसे किसी सरकारी प्रोग्राम से लाभ सत्यापन पत्र (Benefit Verification Letter) प्रदान करें, जिसमें विशेष रूप से प्रकट किया गया हो कि प्राप्तकर्ता 2020 में "विकलांगता" फंड्स का पात्र है और प्राप्त कर रहा है। 2019 की विकलांगता आय के दस्तावेजों की भी आवश्यकता है।

## आवेदन कैसे करें

1. आवश्यक पहचान, रिहायश, आय और विकलांगता संबंधी (यदि लागू हों) दस्तावेज एकत्र करें। बिना पूरे दस्तावेजों के प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती।
2. आवेदन पत्र भरें, "महत्वपूर्ण जानकारी" कथन को पढ़ें। आवेदन पर हस्ताक्षर करें व तारीख डालें।
3. पूरा किया गया आवेदन पत्र और दस्तावेज City of Bellevue Utilities को **शुक्रवार, 30 अक्तूबर, 2020 को शाम 4:00 बजे, PST तक मिल जाने चाहिएं।** देरी से प्रस्तुत किए जाने वाले या अधूरे आवेदन पत्रों पर प्रक्रिया नहीं की जा सकती। समय पर प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों को समय से पहले अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

   - यदि आप पहली बार आवेदन कर रहे हैं, या एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, जब आप पिछली बार प्रोग्राम के लिए योग्य हुए थे (2018 या इससे पहले), तो आपको 425-452-5285 पर फोन करके आवेदन पत्र मुलाकात तय करनी होगी और खुद आकर आवेदन करना होगा।
   - यदि आप 2019 में इस प्रोग्राम के लिए योग्य हुए थे, तो आप निम्न पते पर अपना आवेदन पत्र वापस भेज सकते हैं:

     City of Bellevue/Utilities Customer Service ** P.O. Box 90012 ** Bellevue, WA 98009-9012

## महत्वपूर्ण जानकारी – कृपया हस्ताक्षर करने से पहले पढ़ें

***मैं, अधोहस्ताक्षरी, Washington राज्य के कानूनों के झूठे साक्ष्य की सजा के तहत, यहां घोषित व स्पष्ट करता हूं:***

- **यह कि मैंने इस आवेदन पत्र के साथ प्रदान किए गए उपयोगिता दर छूट (Utility Rate Discount) (02/01/2020) के लिए 2020 यूटिलिटी रेट रिलीफ प्रोग्राम (2020 Utility Rate Relief Program) के दिशानिर्देशों को पढ़ व समझ लिया है, और यह कि इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा प्रदान की गई पूरी जानकारी, मेरी पूरी जानकारी के अनुसार सही, पूरी और सत्य है।**
- **यह कि मैं समझता हूं कि आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने से प्रोग्राम की पात्रता की गारंटी नहीं होती। हालांकि, वह जानकारी यह निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाएगी कि मैं प्रोग्राम के तहत लाभों के लिए पात्र हूं या नहीं।**
- **यह कि मैं समझता हूं कि मेरे द्वारा प्रदान किए गए आय संबंधी दस्तावेज सिटी द्वारा एक आय वर्कशीट तैयार करने के**

**लिए उपयोग किए जाएंगे, जो आय संबंधी योग्यता निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाएगी।**

- **यह कि मैंने प्रोग्राम के लिए "प्रयोज्य आय" ("डिस्पोजेबल इनकम") की परिभाषा को पढ़ लिया है और मेरी पूरी जानकारी के अनुसार, मैं और मेरा परिवार प्रोग्राम के लिए पात्र है।**
- **यह कि मैंने सिटी को 2019 की सत्य व सही "प्रयोज्य आय" की सूची प्रदान की है।**
- **यह कि मैं समझता हूं कि दर छूट केवल 2020 के लिए है और यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं इस या किसी अन्य दर राहत प्रोग्राम की आवेदन अवधि के दौरान इन प्रोग्रामों के लिए पुनः आवेदन करूं या अपनी भागीदारी का नवीनीकरण करूं।**
- **यह कि मैं समझता हूं कि मेरी जानकारी को झूठा सिद्ध करने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप इस वर्ष के लिए प्रोग्राम से मुझे अयोग्य किया जा सकता है और मुझे प्राप्त किए गए लाभों का वापस भुगतान करना पड़ सकता है और सिविल या आपराधिक सजा भी हो सकती है।**
- **यह कि मैं समझता हूं कि सिटी प्रोग्राम के लिए मेरी पात्रता निर्धारित करने के लिए मेरे रिकॉर्डों को ऑडिट करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।**
- **यह कि मैं समझता हूं कि यदि मैं उपयोगिता राहत प्राप्त करता हूं और 2019 के लिए परिवार के सदस्यों की प्रयोज्य आय के सभी स्रोत प्रकट नहीं करता, तो सिटी उस अवधि के लिए मेरे उपयोगिता बिलों की वास्तविक कीमत वसूल कर सकती है, जब मैं योग्य नहीं था।**

आवेदक के हस्ताक्षर* _[redacted] तिथि: __[redacted]_

* यदि किसी आवेदक की ओर से हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो आपको ऐसा करने की अनुमति देने वाली पावर ऑफ अटार्नी की प्रति प्रदान करनी होगी।

**Office Use Only**
Approved/Disapproved: ______________________________________________ Date: ______________________________
Verified: ___________________________________________________________ Date: ______________________________
Old CIS Multiplier Date: _____________________________________ New CIS Multiplier Date: _____________________
CIS Update – Initials: ________________________________________________Verified: ____________________________
DISC Update - Initial: ________________________________________________ Verified: ___________________________

Application Denied: Over Income Doesn't Qualify Incomplete Paperwork Other: ______________________
Updated CIS Logged Denied Added to 2020 mailing list

Office Notes: